Roll No. .... Total Pages : 4

MDQ/M-20 **7673**

भारतीय साहित्य

Paper–IX (HI-120)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) मगर मैंने चोरी नहीं की, मैं चोर नहीं हूँ, मैं ब्राह्मण हूँ, हाँ! कन्नौज का ब्राह्मण– एक हफ्ता हुआ, यहाँ पुना आया– नसीब आजमाने आया था। यहाँ आबरू लुटा बैठा। ये क्या हुआ? क्या होगा अब मेरी स्त्री का? मेरी लाड़ली बेटी का क्या होगा?

अथवा

की तो क्या, नहीं की तो भी क्या! इस जगह कोई फर्क पड़ता है क्या? ये कहलाती है कोठरी, याँ बंधती है सबकी ठठरी। गुनहगार- अरे हम गुनहगार, तुम गुनहगार। पड़ा भी रह आराम से यार।

(ख) हुजूर पाया। शमा के करीब परवाना आया। हम जमाने के उज़बक, आसमान ढूँढा किए। हमारे पहलू में मगर, ईद का चाँद आया। किया, बहुत किया, हमने मुकद्दर से गिला, अब ये काम हमने दुश्मनों को सौंप दिया।

अथवा

काली सांतरा बहुत से पार्टी का आदमी है और उपनगर केंद्रित कर्म-क्षेत्र उसका अपना चुना हुआ है। लेकिन परिणाम में शहरी बाबुओं की तरह उसकी उन्नति नहीं हुई। उसकी ईमानदारी पर किसी को शक नहीं है। राजनीति से दो पैसे न कमा पाने पर अपने बेटे के आगे ही वह बुद्धु है। लेकिन बस्ती में उसकी एक इमेज है। .... ऐसे आदमी को चुनाव के समय .... नमूने की तरह दिखाने के काम में लाया जाता है।

(ग) गोली खाते हैं सामान्य कार्यकर्ता, नाम होता है जेल में आराम से बैठे, प्रथम श्रेणी में बंदी लीडरों का। यह भारतीय ऐतिहासिकता है। काली क्या कहे? क्यों कहें?

अथवा

हजारों कार्यकर्ताओं की हालत काली की तरह है। ये सब प्रश्न कलेजे में लिए तमाम लोगों को आउट ऑफ लायलटी चुप रहना पड़ता है। पार्टी इमेज को रिइटरेट करके चलना पड़ता है। परिणामस्वरूप पत्नी-पुत्र-परिवार एक छत के नीचे रहते हुए भी दूर हो जाते हैं। .... मन का संताप कलेजे में दबाकर बढ़ते रहना पड़ता है। (3×7=21)

2. चैतन्य वैष्णव-युग (16वीं शताब्दी) का परिचय वैष्णव पदावली, चंडीमंगल व चैतन्य जीवनी के विशेष सन्दर्भ में दीजिए।

अथवा

चैतन्योत्तर युग (17वीं शताब्दी) का परिचय का उल्लेख कीजिए। 12

3. बंगला कहानी के उद्भव और विकास का परिचय दीजिए।

अथवा

बंगला उपन्यास की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए। 12

4. आधुनिक बंगला कविता पर एक निबंध लिखिए।

अथवा

बंगला गद्य में रमेशचन्द्र दत्त, तारकनाथ, रवीन्द्रनाथ टैगोर के योगदान पर विचार-विमर्श कीजिए। 12

5. निम्न में से किन्हीं **पाँच** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) राजा राममोहन राय।

(ख) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर।

(ग) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय।

(घ) बंगला नाथ साहित्य।

(ङ) मंसा मंगल।

(च) नाथ साहित्य।

(छ) बंगला निबंध।

(ज) बंगला नाटक।

(झ) बंगला मुस्लिम काव्य।

(ञ) विद्यापति। (5×3=15)

6. निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) अग्निगर्भ मूलतः किस भाषा की रचना है?

(ख) काली सांतरा किस पार्टी से जुड़ा हुआ है?

(ग) 'जिला वार्ता' के संपादक का क्या नाम है?

(घ) 'बसाई टुडु' किस वर्ग का है?

(ङ) 'घासीराम कोतवाल' मूलतः किस भाषा में है?

(च) 'घासीराम कोतवाल' नाटक के कुल कितने भाग हैं?

(छ) 'घासीराम कोतवाल' के हिन्दी अनुवादक का नाम क्या है?

(ज) घासीराम किस जाति से संबंध रखता है?

(झ) ललिता गौरी के पिता का क्या नाम है? 8